


# चम्बल रिवर फ्रंट पर भारत माता की विभाजन की वेदना का मार्मिक चित्रण

**कोटा, (निसं)।** चम्बल रिवर फ्रन्ट पर आयोजित एक विशेष चित्र प्रदर्शनी में भारत के विभाजन की पीड़ा को मार्मिक ढंग से चित्रित किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि संदीप शर्मा विधायक, कोटा दक्षिण और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने की। प्रदर्शनी में विभाजन के समय की ऐतिहासिक तस्वीरें और चित्रों के माध्यम से देशवासियों को उस काले अध्याय की याद दिलाई गई। इन चित्रों ने दर्शकों को भावुक कर दिया और उन्हें देश के एकीकरण के महत्व को समझने में मदद की। मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, कि केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा आयोजित यह चित्र प्रदर्शनी हमें देश के विभाजन की पीड़ा को कभी नहीं भूलने का संदेश देती है। हमें एकजुट रहकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाना है। जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना रीना मीण ने कहा कि आज हम जो सुख-शांति का जीवन जी रहे हैं, वह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का फल है।

# कोटा राष्ट्रीय दशहरे मेले की तैयारियां जोरों पर

**कोटा, (निसं)।** राष्ट्रीय मेला दशहरा 2024 के आयोजन हेतु मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी की अगुवाई में मेला प्रभारी महावीर सिंह सिसोदिया के साथ पूरे मेला परिसर का राउण्ड किया गया। मेला परिसर के नक्शे के साथ वेस्ट जोन, नोर्थ जोन एवं ईस्ट जोन की दुकानों और स्थान के आंवटन के सन्दर्भ मौके पर मेला व्यापार संघ के साथ चर्चा कर तैयारी करने हेतु निर्देशित किया गया। मेले में अधिक से अधिक दुकानों के आंवटन एवं पर्याप्त स्थान के साथ-साथ आमजन की सुविधा हेतु विस्तार से भ्रमण कर दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। मेला राउण्ड के दौरान मेला प्रभारी महावीर सिंह सिसोदिया, सहायक अभियन्ता भुवनेश नावरिया, तोसिफ खान, कनिष्ठ अभियन्ता महेन्द्र प्रजापत, राजस्व अधिकारी द्वितीय विजय अग्निहोत्री, राजस्व निरीक्षक रियाज एवं मेला व्यापार संघ के पदाधिकारी साथ में रहे।






















# स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षा मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**कोटा, (निसं)।** स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह गुरूवार 15 अगस्त को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। समारोह में प्रातः 9:15 बजे मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद परेड निरीक्षण एवं मार्चपास्ट की सलामी ली जाएगी। समारोह में सामूहिक व्यायाम एवं समूहगान, सामूहिक नृत्य, झांकी प्रदर्शन होगा। स्वतंत्रता सैनानियों एवं युद्ध सैनिक वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह के उपरान्त दोपहर 1 बजे जेके पेवेलियन स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं नगर निगम के मध्य क्रिकेट मैच खेला जाएगा।

# रोटरी डिस्ट्रीक मेम्बरशिप सेमिनार सम्पन्न

**कोटा, (निसं)।** कोटा में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 का सदस्यता सेमिनार संपन्न हुआ। जिसमें प्रांत के विभिन्न रोटरी क्लबों से 200 से अधिक रोटेरियन्स शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ प्रांतपाल राखी गुप्ता, आई.पी.डी.जी. डॉ. निर्मल कुनावत, पी.डी.जी. प्रद्युम्न कुमार पटानी ने किया। सरस्वती वंदना रोटरी क्लब कोटा साउथ के सदस्य डॉ. ऋषिका दुबे, साक्षी मालवीय, दीपा खंडेलवाल, वृत्ति वर्मा ने की। सेमिनार के सचिव ओम प्रकाश साहनी ने बताया की सेमिनार के चेयरमैन दीपक राज दुबे ने स्वागत भाषण से सबका स्वागत किया और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

